# पीएम केयर एवं स्पोन्सरशिप योजना से जुडे बच्चों से मिले जिलाधीश

## बच्चों से पढाई पर चर्चा की और उपहार दिये




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीएम केयर योजना सहित मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित स्पोन्सरशिप योजना से जुडे बच्चों से भेंट की गई। इस अवसर पर उन्होने बच्चों से चर्चा के दौरान उनके रहन-सहन, खानपान सहित पढाई पर चर्चा की गई। उन्होने बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढाई करें, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से उन्हें अवगत कराया जा सकता है। इस दौरान उन्होने बच्चों को उपहार भी प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में पीएम केयर योजना के तहत 4 बच्चे चिन्हित है, जिनके एडमिशन नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय एवं सीएम राईज विद्यालय में है, इसके साथ ही इन बच्चों का कलेक्टर के साथ संयुक्त बैंक अकाउंट भी है, जिसमें प्रत्येक बच्चें के नाम से 10-10 लाख रूपये की एफडी कराई गई है। बच्चों को योजना के तहत 4 हजार रूपये प्रति माह सहायता भी प्राप्त हो रही है। इसके अलावा सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भी इन बच्चों को वर्ष में 20 हजार रूपये की एक मुश्त राशि प्रदान की जाती है। महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय ने बताया कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पोन्सरशिप योजना के तहत जिले में 2 हजार 36 बच्चें पंजीकृत है, जिन्हें प्रत्येक माह 4-4 हजार रूपये की राशि शासन द्वारा प्रदाय की जा रही है।

# मूकबधिर बालिका को दी 5 हजार रूपये की सहायता



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मूकबधिर 10 वर्षीय बालिका आलिया बानों निवासी शिवलालपुरा विजयपुर को उपचार के लिए प्रारंभिक रूप से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही बालिका के समुचित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित आरबीएसके प्रभारी को दिशा-निर्देश दिये गये। बालिका के परिजनो ने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को अवगत कराया कि जन्म के समय तथा उसके बाद 5-6 साल की उम्र तक बालिका स्वस्थ्य थी तथा सुनती और बोलती भी थी, बाद में बुखार आने पर कोमा में जाने से अब ऐसी स्थिति हो गई है कि बालिका न तो बोल पाती है और न सुन पाती है। इस पर आरबीएसके प्रभारी को निर्देश दिये गये कि बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उपयुक्त उपचार के लिए परामर्श प्रदान किया जायें तथा शासन की योजना के तहत उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही बालिका को 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गई। इसी प्रकार श्रीमती कल्याणी पत्नि श्री जयराम निवासी गांधीनगर श्योपुर को कैंसर हास्पीटल ग्वालियर में पूर्व से संचालित उपचार के लिए किराया एवं मार्ग व्यय हेतु 2 हजार रूपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

# स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल भिंड में हुआ जागरूकता शिविर संपन्न




**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल, जिला भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित मनोज कुमार तिवारी (सीनि), विशेष न्यायाधीश भिण्ड उपस्थित रहे। उक्त शिविर में उपस्थित न्यायाधीश द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को नालसा एसिड अटैक पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2016 के आलोक में विस्तारपूर्वक सहज भाषा में समझाया गया एवं साइबर अपराधों, मोबाईल/स्मार्ट फोन (व्हाट्सऐप, इन्सटाग्राम, फेसबुक आदि) के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने हेतु जागरूकता प्रसारित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया गया। बच्चों को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराधों जैसे- हनी ट्रैप, ऑन लाइन पीछा करना आदि के बारें में सरलतम भाषा में जानकारी दी गई तथा ऐसे किसी भी अपराध के संबंध में सबसे पहले अपने माता-पिता या अभिभावक को अवगत कराए तथा किसी भी अनजान नंबर से वीडियों कॉल न उठाये। इसी क्रम में श्री देवेश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड द्वारा समझाया गया कि यदि कोई ऐसा अपराध किसी के साथ गठित होता है तो वह संबंधित थाने की साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 या नालसा ऐप डाउनलोड कर उसपर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति में संपर्क किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में श्री हनुमंत बौहरे, चीफ एलएडीसी, श्री अमित थापक, असिस्टेंट एलएडीसी अधिवक्ता एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र शर्मा, अध्यापकगण, छात्र-छात्रायें एवं श्री सुमित यादव एवं श्री बृजेन्द्र कुमार, पी0एल0वी0 भिण्ड उपस्थित रहे।

# अटेर ब्लॉक में औचक निरीक्षण के दौरान

## अनुपस्थित पाये गये चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों पर कार्यवाही प्रस्तावित



**भिण्ड ब्यूरो।** जिला क्षय अधिकारी भिण्ड, डॉ. देवेश शर्मा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री राजेश शर्मा, भिण्ड द्वारा विकासखण्ड अटेर में औचक निरीक्षण किया गया जहां प्राथ. स्वा. केन्द्र कनेरा, विकासखण्ड अटेर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सीताराम एवं डॉ. अभिषेक सिंह राजपूत, अपने कर्त्तव्य स्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाऐ गये एवं वहां पर पदस्थ नर्सिंग ऑफीसर भी कार्यस्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाई गई। जिस हेतु जिम्मेदार अमले पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड अटेर के उप स्वास्थ्य केन्द्र दुल्हागन का निरीक्षण किया गया जिसमें ए.एन.एम. अर्चना व्यास अनुपस्थित मिलीं जिस कारण उप स्वास्थ्य केन्द्र पर राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का निष्पादन नहीं किया जिससे आम जनता को आज मिलने वाली सेवाऐं से वंचित रहना पड़ा, उप स्वा. केन्द्र दुल्हागन में सीएचओ पर्वत सिंह, उपस्थित रहे किंतु उनके द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कोई भी प्रयास नहीं किया गया। जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा अटेर विकासखण्ड में एन.क्यू.ए.एस. हेतु चयनित आरोग्य केन्द्र गजना का निरीक्षण कर उपस्थित कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई जिसमें उपस्थित समस्त कर्मचारियों को एन.क्यू.ए.एस. अस्सिमेंट हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला क्वालिटी नोडल डॉ. देवेश शर्मा द्वारा उप स्वा. केन्द्र स्तरीय समस्त रिकार्ड का गहन निरीक्षण किया गया एवं पाई गई. कमियों को दूर करने हेतु सम्बंधित स्टाफ को मार्गदर्शन दिया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर गजना में बैठक के दौरान एम.पी.डब्ल्यू. उदयनारायण पाण्डेय, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे जिनके उप स्वा. केन्द्र स्तरीय एन.क्यू.ए.एस. अस्सिमेंट में असहयोगात्मक रवैये की की शिकायत उपस्थित स्टाफ द्वारा की गई सम्बंधित एम.पी.डब्ल्यू. पर आज की बैठक में अनुपस्थित रहने एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम में रूचि न लेने के सम्बंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.आर. मौर्य को कार्यवाही करने हेतु कहा गया उक्त क्षेत्रिय भ्रमण एवं बैठक के दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. बी.आर. मौर्य एवं खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, बीईई नारायण यादव, उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. जगत सिंह यादव, ने बताया कि आज जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान लापरवाह कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है यदि उनका जबाव संतोषप्रद नहीं होता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

# सीप नदी के पंडित घाट की सफाई हेतु श्रमदान

## नगरपालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों ने की साफ-सफाई



**श्योपुर ब्यूरो।** ज्ल स्त्रोतो के संरक्षण तथा जल संरचनाओ के संवर्धन हेतु जारी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग की उपस्थिति में सीप नदी के पंडित घाट की साफ-सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर सीएमओ श्री राधेरमण यादव, पार्षदगण श्री विष्णु पाराशर, श्री जुगल मेहरा, श्री खालिद फारूखी, श्री सुजीत गर्ग, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्री जय सिंह जादौन, श्रीमती अंजना मारवाडी, श्री विप्लव शर्मा, श्री गिर्राज शर्मा, श्री राजेश मीणा, श्री ब्रिजनेश सिंह परिहार, श्री विक्रम सिंह परिहार, श्री रामअवतार शर्मा, श्री मनोज वैष्णव सहित नगरीय निकाय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद, मुक्तिबोध युवक मंडल, गायत्री परिवार श्योपुर, महात्मा गांधी सेवा आश्रम श्योपुर, श्योपुर युवक मंडल, पानी पेड पर्यावरण संगठन, गणराज सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग द्वारा उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# एक जिला एक औषधी उत्पाद अंतर्गत वन समितियों का प्रशिक्षण संपन्न



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड की देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग के तत्वाधान में एक जिला एक औषधी उत्पाद पर वन समितियों के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला आयुष कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.राजवर्धन रावत ने एक निजी होटल में आयोजित उक्त प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि देवारण्य योजना के तहत श्योपुर जिले में ऑवला का चयन एक जिला एक औषधी उत्पाद अंतर्गत किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंवला की कृषि के लिये कृषकों को प्रेरित करना एवं उनको आर्थिक रूप से उन्नतशील बनाना तथा जिलें में एक औषधीय उत्पाद की पैदावार बढ़ाना है। इस अवसर पर औषधिय उत्पाद आंवले की कृषि, संग्रहण, भण्डारण, प्राथमिक प्रसंस्करण, विपणन,उपयोग,विभिन्न रोग एवं रोगनाश हेतु आवश्यक खाद,आंवले से बनाये जाने वाले विभिन्न उत्पाद,विषयों पर मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धन्वतंरी जी की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण का संचालन डॉ चित्रलेखा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उद्यानिकी, कृषि, वन विभाग, आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित वन समितियों के लगभग 50 सदस्य प्रशिक्षण में शामिल रहें। मास्टर ट्रेनर श्री सरदार सिंह प्रजापति, डॉ हेमराज नागर, डॉ सुग्रीव मीना, डॉ रघुवीर सिंह मीना, श्री पंकज कुमार, श्रीमति सपना तिवारी, श्री द्विजेन्द्र शर्मा आदि मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के उपरांत वन समिति के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य अंतर्विभागीय बैठक हुई आयोजित



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलवायु परिवर्तन, हीट स्टॉक से बचाव, खान-पान, एवं गर्मी एवं लू से बचाव हेतु जानकारी दी गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, अधीक्षक भू-अभिलेख भिण्ड श्री मोहम्मद रज्जाक खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि मौसम परिवर्तन के दौरान गर्मी में शासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संशोधित दिशा-निर्देशों अनुसार लू (तापघात) कार्य योजना तैयार की जावे। प्रत्येक स्तर (जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग आदि) पर लू प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी को नामांकित किया जावे। स्थानीय स्तर पर ÷लू से बचाव÷ से संबन्धित जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। उन्होंने सभी नगरीय निकाय सीएमओ को निर्देशित कर कहा कि लू से बचाव हेतु अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार प्रसार होर्डिंग लगवाएं। चिन्हित स्थलों पर शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था तथा पेय जल-श्रोत में पीने हेतु पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित कर कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में छायादार स्थानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। लू से प्रभावित होने पर प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या तथा विद्यालय में इसकी उचित स्थान पर उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। शैक्षणिक संस्थाओं में शीतल पेय जल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। विद्यालय के पेय जल श्रोत के आसपास सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जावे। अस्पतालोंध्आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाले संस्थाओंध्विभागों का संपर्क न. का विवरण विद्यालय में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। गंभीर रूप से लू से प्रभावित होने वाले विद्यार्थियों को अस्पताल पहुंचाने हेतु वाहन की व्यवस्था तथा इस कार्य हेतु विद्यालय के जिम्मेदार शिक्षक का नामांकन किया जावे। लू (तापघात) प्रबंधन के सम्बन्ध में शिक्षकगण विद्यार्थियों को कक्षाओं में अवगत करावें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लू ग्रसित रोगियों की चिकित्सा हेतु आवश्यक दवाइयाँ, भंडार आदि की उपलब्धता सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिपो होल्डर आशा कार्यकर्ता के पास सुनिश्चित की जावे, विशेषकर ओआरएस घोलध् फ्लुइड, लू से उपचार हेतु अन्य दवाइयाँ आदि का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश दिए जावें। सार्वजनिक स्थलों पर एम्ब्युलेन्सध्108 को विशेषकर दोपहर में तैयारी की स्थिति में रखा जावे ताकि किसी व्यक्ति को लू लगने पर उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जावे, लू-तापघात जनित बीमारियों तथा पानी की कमी से तथा बचाव हेतु उच्च जोखिम में स्थित नागरिकों को साफ पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, नलकूपों, तालाबों के यांत्रिकध् विद्युत फाल्ट की मरम्मत/रखरखाव प्राथमिकता के आधार पर कराकर जल भण्डारण सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने पशु-पालन विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि पशुओं को लू से बचाव हेतु विभागीय योजना तथा गौपालकोंध्पशुपालकों को ÷ पशुओं को लू से बचाव सम्बन्धी ÷ जानकारी प्रदान करने हेतु जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु मैदानी स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया जावे, पशु चिकित्सा से सम्बंधित दवाओं और उपकरण की स्थिति का आंकलन एवं स्टोरज किया जावे, पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जावे।

# ढोढर में 38 गर्भवती महिलाओं की जांच में दो हाईरिस्क, 176 रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी एवं ग्रामीण के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय की जा रही है इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर ढोढर में आयोजित शिविर में 176 रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति त्यागी द्वारा 38 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। इस स्क्रीनिंग में दो गर्भवती महिलाएं हाईरिस्क प्रसव की श्रेणी में चिन्हित की गई, जिन्हें प्रसव तक विशेष निगरानी में रखकर उपचार किया जायेगा। टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा द्वारा 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के 58 लोगों की एनएसडी जांच के तहत बीपी, मधुमेह, हीमोग्लिोबिन की जांच की गई। अन्य बीमारियों से संबंधित 80 रोगियों को उपचार हेतु निशुल्क दवाईयां प्रदान की गई।

**प्रेमसर में 17 को लगेगा शिविर**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रेमसर में 17 अप्रैल को तथा मकडावदा में 19 अप्रैल को शिविर लगाये जायेगे। प्रेमसर एवं मकडावदा में आयोजित शिविर में डॉ नीतू सिकरवार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही संबंधित पीएचसी से नर्सिंग आफिसर, सीएचओ एवं पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहेगा।

# मुख्यमंत्री जी द्वारा लाडली बहना योजना की 23वी किस्त की राशि का अंतरण

## श्योपुर जिले की 01 लाख 09 हजार 519 बहनाओं को मिली राशि

**श्योपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंडला जिले के टिकरवारा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1552.38 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 1 लाख 9 हजार 519 बहनाओं को भी राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 56 लाख 67 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 324 करोड रूपये की राशि भी अंतरित की गई।

साथ ही 25 लाख बहनो की सिलेण्डर रिफलिंग के लिए 57 करोड राशि का अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 9 हजार 519 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1250-1250 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह अप्रैल के लिए कुल 13 करोड 44 लाख 74 हजार 150 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 9 हजार 519 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 820, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3425, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2843, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 44 हजार 188, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 744 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 35 हजार 499 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत हितग्राही लाभान्वित**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उक्त कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत प्रदेश के 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 337.42 करोड से अधिक रूपये की राशि उनके बैंक खातो में ट्रांसफर की गई। इस कार्यक्रम माध्यम से श्योपुर जिले के 39 हजार 994 हितग्राहियों को 2 करोड 39 लाख 96 हजार 450 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना में 645, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 13 हजार 196, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 6 हजार 714, कन्या अभिभावक पेंशन योजना में 347, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता अंतर्गत 829, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना में 4, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना में 11 हजार 767, मानसिक दिव्यांग एवं बहु दिव्यांग आर्थिक सहायता अंतर्गत 421, सामाजिक सुरक्षा निशक्त पेंशन अंतर्गत 3 हजार 743, परित्याक्ता पेंशन अंतर्गत 136 एवं वृद्धावस्था पेंशन अतंर्गत 2 हजार 192 हितग्राहियों को लाभ प्राप्त हुआ।

# सीएम हेल्पलाइन की मासिक प्रगति में उत्कृष्ट पायदान पर लाने करें प्रयास - कलेक्टर, कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग सीएम हैल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण में फोकस करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की विभाग एवं अधिकारीवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की मासिक प्रगति में जिले को उत्कृष्ट पायदान पर लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर कहा कि उनके यहां जितनी भी शिकायतें लंबित हैं उनको तत्परता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने समस्त विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि उनके कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समग्र आईडी आधार से लिंक होना अनिवार्य है। उन्होंने समग्र ईकेवाईसी की समीक्षा कर कहा कि संबंधित अधिकारी समग्र ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान दें और काम में गति लाऐं।

# सी.एम.राईस शा. कॉटनजीन नं. 1 विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में सी.एम.राईस शा. कॉटनजीन नं. 1 विद्यालय भिण्ड में म.प्र. पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 और यौन उत्पीड़न योजना के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विद्यालय में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित श्री मनोज कुमार तिवारी (जूनि.) जिला न्यायाधीश, भिण्ड ने उक्त शिविर में सभी छात्र-छात्राओं को पॉक्सों एक्ट के बारें में बताया कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को बाल यौन अपराधों व यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है इसके तहत बच्चों के विरूद्ध यौन अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है। बच्चों के विरूद्ध यौन अपराधों में बच्चों का यौन-शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पोर्नोग्राफी को शामिल किया गया है इसी के अंतर्गत न्यायाधीश द्वारा गुड टच एवं बेड टच के बारें में विस्तारपूर्वक समझाया एवं उनके साथ किसी भी प्रकार की ऐसी घटना होने पर तुरंत विद्यालय में अपने अध्यापक एवं घर में अपने परिवारजन को उसके बारें में अवगत कराना चाहिए आदि के बारें में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदाय की गई। इसके अतिरिक्त श्री देवेश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड ने विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे बालक जिन्होंने कानून के विरूद्ध कोई कृत्य किया है वह ''धारा 12'' विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987, के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र है, जिसका लाभ वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भिण्ड में उपस्थित होकर/पत्र के माध्यम से अथवा किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष निःशुल्क विधिक सहायता की मांग कर, प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त कार्यक्रम में हनुमंत बौहरे, चीफ एलएडीसी, अमित थापक असिस्टेंट एलएडीसी अधिवक्तागण एवं विद्यालय के प्राचार्य, नरेश सिंह भदौरिया, विद्यालय का समस्त स्टॉफ, छात्र-छात्रायें एवं मनोज श्रीवास, पी0एल0वी0 भिण्ड उपस्थित रहे।



# सरकारी तंत्र में लालफीताशाही हावी, प्रशासन के ठोस आश्वासन के बाद भी नहीं हटी कलारी

## वार्ड क्रमांक 20 में पार्षद बिंदास के नेतृत्व में जनता ने कलारी हटाने को लेकर किया था उग्र आंदोलन, एसडीएम ने 15 अप्रैल तक हरहालत में कलारी हटाने का दिया था आश्वासन, जनता अब 18 अप्रैल से फिर उतरेगी सड़कों पर




**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के सरकारी तंत्र में लालफीताशाही और अराजकता किस हद तक हावी हैं इसकी मिसाल तब मिली जब वार्ड क्रमांक 20 की जनता ने पार्षद विजय बिंदास के नेतृत्व में कलारी हटाने को लेकर धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया था। जिसमें भारी जनसमर्थन उमड़ा था। जिसके दवाब में आकर प्रशासन ने 15 अप्रैल तक हर हालत में उक्त स्थान से कलारी हटाने का ठोस लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन परिणाम वहीं निकला ढांक के तीन पांत। जैसी आशा थी उसी के अनुरूप प्रशासन आबकारी विभाग और एसडीएम ने जन इच्छाओं की अवहेलना करते हुए तय शुदा समय पर कलारी नहीं हटाई। इससे त्रस्त होकर पार्षद विजय शर्मा बिंदास के नेतृत्व में वार्ड की जनता कल मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर दरबार में जा पहुंची। जनता ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि 18 अप्रैल तक कलारी नहीं हटी तो वे फिर धरना प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञात हो की वार्ड क्रमांक 20 में नियम विरूद्ध कलारी के विरोध में जनता पिछले दो माह से सक्रिय है। वहां शराब की दुकान होने से खास तौर पर महिलाऐं विशेष रूप से परेशान है और महिलाओं ने पार्षद विजय बिंदास को हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपकर कलारी हटाने की मांग की थी। पार्षद ने 12 मार्च 2024 को वार्ड वासियों के हास्ताक्षर किए हुए एक आवेदन जनसुनवाई में सौंपा जिसमें मांग की गई थी कि अगले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत होने वाली शराब की दुकान को राजपुरा रोड़ से हटाकर अन्यत्र स्थापित किया जाए। उनकी मांग को लेकर प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे व्यथित होकर वार्ड वासियों ने कलारी खुलने का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया और कलारी के बाहर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए।

वार्ड वासियों के समर्थन में सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर बतासे वाले और नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा भी आ गई। जिन्होंने धरना प्रदर्शन में पार्षद विजय शर्मा का साथ दिया और कलारी हटाने को लेकर कलेक्टर व आबकारी अधिकारी से चर्चा की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला और धरना प्रदर्शन जारी रहा। एसडीएम उमेश कौरव और आबकारी अधिकारी संजय गुप्ता सहित ठेकेदार के साथ प्रदर्शन कारियों की चर्चा हुई और तय हुआ कि 15 दिनों में उनके द्वारा दूसरा स्थान चिन्हित कर कलारी को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। लेकिन प्रशासन ने लिखित आश्वासन देने से मना कर दिया था। पार्षद विजय बिंदास का कहना है कि उन्हें पूर्व से आशंका थी कि यदि प्रशासन लिखित आश्वासन नहीं देगा तो कलारी नहीं हटेगी क्योंकि पलटने में जाता क्या है। इस कारण वार्ड की जनता ने बिना लिखित आश्वासन के कलारी हटाने को लेकर धरना प्रदर्शन स्थगित करने से इन्कार कर दिया। जन दवाब इतना जबर्दस्त था कि आखिरकार प्रशासन को विवश होकर लिखित आश्वासन का पत्र प्रदर्शन कारियों को सौंपना पड़ा तब जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ और प्रशासन ने फौरी तोर पर राहत की सांस ली। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कलारी नहीं हटी तो मंगलवार को पार्षद विजय शर्मा जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर को आवेदन देकर कलारी हटाने की मांग की और न हटने पर पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी प्रशासन को दी है।

# ज्योति कलश रथयात्रा मुढैरी पहुंची, हुआ भव्य स्वागत




**शिवपुरी ब्यूरो।** गायत्री शक्ति पीठ सेक्टर शिवपुरी ग्राम मुढ़ैरी में शान्ति कुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथयात्रा व गायत्री माता का विधिवत पूजा अर्चना कर जिला व तहसील स्तर से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक डॉ पीके खरे, टेक सिंह परिहार, एसबी श्रीवास्तव, कन्हैयालाल झा, सतपाल सिंह, शंभुदयाल पाठक उपस्थित हुए। यह कलश यात्रा 30 अप्रैल तक ग्राम पंचायत व तहसील स्तर में घूमेगी। उक्त जानकारी देते हुए जिला गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ पीके खरे व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश आचार्य ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगद्रष्टा तपोनिष्ठ वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की आध्यात्मिक जन्म, वंदनीय माताजी भगवती देवी शांति कुंज हरिद्वार में स्थापित अखंड ज्योति जिसका प्रज्वलन गुरुदेव की जन्म स्थली आँवलखेड़ा के सूक्ष्म संरक्षण व निर्देशन में इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। ज्योति कलश यात्रा जिला सहित अंचल की तहसीलों में 30 अप्रैल विभिन्न पंचायतों व शक्ति पीठो में पहुचेगी जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति की रीढ़ अध्यात्म एवं उसके विज्ञान से जन जन को परिचित कराने, समाज में पैठ पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से पैर फैलती कुरीतियों से बचाव करना है। यह कलश रथयात्रा मनुष्य देवता बने, यह धरती स्वर्ग समान संकल्प के साथ ज्योति कलश रथयात्रा अपने पथ पर अग्रसर हो रही है। रथयात्रा के दौरान जनसमुदाय को गायत्री शक्ति पीठ का साहित्य भी वितरित किया। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार भी व्यक्त किए।

# संविदा स्वास्थ्य नीति के विरोध में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन रहे, सामूहिक अवकाश पर



**शिवपुरी ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. द्वारा घोषित की गई नई संविदा नीति के विरोध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पुरानी संविदा नीति 2023 को लागू करने की मांग की है। आज दिनांक 16 अप्रैल 2025 को बडी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर रह कर विरोध प्रदर्शन किया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विवेक पचौरी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आज दिनांक 16 अप्रैल 2025 को सभी एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा जीतेंद्र भदौरिया प्रदेश अध्यक्ष, विजय ठक्कर प्रदेश संयोजक, जीतेन्द्र यदुवंशी प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश रखा गया इसके साथ ही सभी कर्मचारियों द्वारा वादा खिलाफी रैली निकालकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्यमत्री के नाम पर ज्ञापन प्रेषित किया गया। विवेक पचौरी ने बताया कि राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 20 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत् लगभग 32000 कर्मचारी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से देते आ रहे हैं। कोरोनाकाल जैसे गंभीर महामारी में भी अपने परिवार एवं जीवन की परवाह किए बगैर सेवाएँ दी हैं। मन्दसौर में तब मुक्त अभियान को प्रदेश में टॉप लाया गया। इन्हीं सेवा.भाव को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा दिनांक 4 जुलाई 2023 को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिए अनेक घोषणाएँ की थी। जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति की सौगात दी गई, परन्तु राष्टीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा कर्मचारियों को दी गई सुविधाओं में कटौती की गई है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संध के जिलाध्यक्ष विवेक पचौरी ने कहा कि दिनांक 23 मार्च 2025को सभी जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा ठेंगढ़ी भवन भोपाल में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज उक्त माँगों का शीघ्र ही निराकरण नहीं किया जाता है तो समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आन्दोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी।अगर 5 दिन में मांगे पूरी नहीं की गई तो दिनांक 22 अप्रैल 2025 से प्रदेश के समस्त 32000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संध के जिलाध्यक्ष विवेक पचौरी ने कहा कि दिनांक 23 मार्च 2025को सभी जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा ठेंगढ़ी भवन भोपाल में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज उक्त माँगों का शीघ्र ही निराकरण नहीं किया जाता है तो समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आन्दोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी।अगर 5 दिन में मांगे पूरी नहीं की गई तो दिनांक 22 अप्रैल 2025 से प्रदेश के समस्त 32000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

**संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की यह हैं मांग**

1 विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकरए नियमित किया जावे।

2 पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ईण् एलण् एवं मेडिकल को पृथक कर दिया है।

3 अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया है।

4 अप्रेजल जैसी कुरीति को यथावत रखा गया है।

5 सेवा निवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है।

6 एनण्पीण्एसण्ए ग्रेच्युटीए स्वास्थ्य बीमा एवं डीण्एण् की सुविधा से वंचित रखा गया है।

7 शासन द्वारा समकक्षता, ;वेतन विसंगति का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है। जिसमें पुनः विचार कर संशोधन किया जावें।

8 निष्कासित सपोर्ट स्टॉफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी।

# भोपाल जा रहे नायब तहसीलदार की कार पलटी, तीन घायल

## कुत्ते को बचाने के फेर में हुआ हादसा



**शिवपुरी ब्यूरो।** बदरवास थाना क्षेत्र के अटलपुर गांव के पास श्योपुर में पदस्थ नायब तहसीलदार शैलेन्द्र ङ्क्षसह सेंगर की बुलेरो कार हाईवे पर आए कुत्ते को बचाने के फेर में पलट गई। जिससे कार में सवार नायब तहसीलदार शैलेन्द्र ङ्क्षसह सेंगर और उनके साथ मौजूद पटवारी शिवशंकर व कार का ड्राइवर राहुल सिंह घायल हो गए जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। बाद में घायलों को शिवपुरी रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर बदरवास तहसीलदार प्रदीप भार्गव भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार श्योपुर नायब तहसीलदार शैलेन्द्र ङ्क्षसह सेंगर बुलेरो कार से पटवारी शिवशंकर के साथ श्योपुर से भोपाल जाने के लिए रवाना हुए थे। सुबह के समय उनकी कार बदरवास के अटलपुर गांव के पास पहुंची तभी सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया जिसे बचाने के चलते ड्राइवर ने कार को मोड़ दिया। जिससे कार अन्यंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में श्री सेंगर सहित पटवारी शिवशंकर और ड्राइवर राहुल सिंह घायल हो गए।

# समीक्षा बैठक में जिपं अध्यक्ष नेहा यादव ने गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के दिए निर्देश

## जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक हुई आयोजित

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिला पंचायत शिवपुरी की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के सदस्यगण, विधायक प्रतिनिधि एवं विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित गौशालाओं को विधिवत चलाए जाने हेतु सभी सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया, अध्यक्ष द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने हेतु निर्देश दिये गये। नल जल योजना के तहत जल जीवन मिशन के अधिकारियों को माह जून 2025 तक कोलारस एवं पोहरी में गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने हेतु निर्देश दिये एवं ग्रामीण क्षेत्र में डाली जा रही पाइप लाइन से सड़कों की होने वाली खुदाई के रेस्टोरेशन कार्य को तत्काल कराने हेतु प्रस्ताव पारित किया। अभी गर्मी के समय में पेयजल संबंधी समस्या के लिए पी.एच.ई विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद कार्यालय में तत्काल एक पंजी संधारित कराई जाकर हेल्पलाइन नम्बर जारी करने के निर्देश दिये। हैंडपंप मेकेनिकों को प्रतिदिन जनपद कार्यालय से शिकायतें नोट करने के निर्देश देने के साथ हैण्डपम्पों में सुधार कराया जाकर पंजी में दर्ज किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया। आदिवासी ग्रामों एवं बस्तियों में जनमन योजनान्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा गागौनी से ऐडवारा, गिन्दौरा, रामपुर चक्क सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है। इस संबंध में ई.ई.पी.डब्ल्यू.डी. को भ्रमण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी द्वारा सचिव के दायित्वों का निर्वहन करते हुए उपस्थित सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विभागीय कार्यों की प्रगति एवं विभागीय कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण के समय जिला पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से कार्यक्रमों में आमंत्रित किये जायें। विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी होना चाहिए।

# तात्याटोपे पार्क में मूर्ति स्थापित होने का इंतजार




**शिवपुरी ब्यूरो।** साल 1857 में आजादी के पहले स्वतन्त्रता संग्राम में प्राणों की आहुतियां देने वाले अमर शहीद तात्याटोपे की याद में पार्क का निर्माण कराया गया है। अन्दर मूर्ति स्थापित करने के लिए प्लेटफॉर्म बनाकर अधूरा छोड़ दिया गया है। अभी तक मूर्ति स्थापित नहीं की जा सकी है। एडवोकेट रमेश मिश्रा का कहना है कि अमर शहीद तात्याटोपे का बलिदान शिवपुरी के लिए गोरव की बात है। 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष अमर शहीद तात्याटोपे के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। तात्याटोपे स्मारक पार्क, माता मन्दिर के पास राजेश्वरी रोड पर, अग्रसेन चौक के सामने है। पार्क के अन्दर स्टैंड (प्लेटफॉर्म) तो बनाकर तेयार कर दिया है, लेकिन अभी तक मूर्ति स्थापित नही की जा सकी है। स्टैंड (प्लेटफॉर्म) का खालीपन याद दिलाता है कि पार्क अधूरा है इसलिए अधूरे कार्य को पूरा कराया जावे। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस मामले को गंभीरता लेकर मूर्ति स्थापित करवाएं।

# 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रिसिटिग आयोजित की गई



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संगीता मदान के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, जौरा, सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंको के प्रकरण, विद्युत एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की पारस्परिक सहमति से राजीनामा के माध्यम से किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये बुधवार को ए.डी.आर. भवन मुरैना में पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्रशेखर जायसवाल, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष शर्मा के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। बैठक में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिक से अधिक निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, उपमहाप्रबंधक विद्युत विभाग शहरी मुरैना श्री अभिषेक चौरसिया आदि उपस्थित थे। आमजन से अपील है कि 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से अपने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ प्राप्त करें।

# 50 करोड़ का अनुदान दिलाने का फायदा क्या, जब उपभोक्ता अपनी जमा राशि के लिए अभी भी भटक रहे हैं

## सहकारी बैंक उपभोक्ताओं की समस्याऐं जस की तस, जमाकर्ता न तो इलाज करा पा रहे और न ही बेटे बेटियों की शादियां

**शिवपुरी ब्यूरो।** सहकारी बैंक में 80 करोड़ रूपए के घोटाले की गाज बैंक उपभोक्ताओं पर पड़ी जिसके कारण उनकी जमा राशि की एक मुश्त निकासी बैंक प्रबंधन नहीं कर पा रहा था। इस समस्या को देखते हुए स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से अनुरोध कर सहकारी बैंक को 50 करोड़ रूपए का अनुदान दिलाया। ताकि बैंक उपभोक्ताओं को उनकी जमा राशि मिल सके। लेकिन इसका भी कोई हल होता हुआ फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। बैंक जाने पर अधिकारी कहते हैं कि वे हर माह सिर्फ पांच हजार रूपए ही अपने खाते से निकाल सकते हैं। जब उपभोक्ताओं ने उन्हें बताया कि सिंधिया जी ने 50 करोड़ रूपए अनुदान दिलाया है तो उनका जवाब था कि वह बैंक की हालत सुधारने के लिए हैं न कि इससे एक मुश्त राशि उपभोक्ता को दी जा सके। इससे परेशान होकर कल जनसुनवाई में कई उपभोक्ता कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में न्यूब्लॉक निवासी अजय अपने कंधे पर अपनी माँ लीला बाई बाथम को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा उसने बताया कि उसकी माँ को ब्रेन टयूमर की बजह से पैरालाइसिस हो गया लेकिन पैसे न होने के कारण वह अपनी माँ का इलाज नहीं करवा पा रहा। सहकारी बैंक में उसके 15 लाख रूपए जमा है लेकिन बैंक प्रबंधन उसकी जमा राशि नहीं निकाल रहा है। वहीं सहकारी बैंक में जमा राशि न मिलने से एक विवाहित जोड़े की शादीशुदा जिंदगी खटाई में पड़ गई है। पत्नि का कहना है कि उसके पति ने उसकी सास के लिए इलाज के लिए कर्ज लिया था। बैंक में उसके पति के पैसे जमा है लेकिन बैंक प्रबंधन पैसे नहीं निकाल रहा। आर्थिक तंगी के कारण उसके अपने पति के साथ संबंध तनाव पूर्ण हो गए हैं। यह उदगार इंजीनियर सोनिया त्रिपाठी ने व्यक्त किए जो पैसे लेने के लिए पुणे से शिवपुरी आई हुई है। पिछोर निवासी अंगूरी चौधरी भी गंभीर रूप से बीमार है लेकिन बैंक प्रबंधन उसकी राशि नहीं निकाल रहा। वह भी जनसुनवाई में अपनी व्यथा सुनाने आई। जरायें निवासी मुन्नालाल जाटव का कहना है कि सहकारी बैंक में उसके खाते में 2 लाख 71 हजार रूपए जमा है लेकिन पैसे नहीं निकल रहे। ऐसे में वह अपनी बेटी की शादी नहीं कर पा रहा है। उसका कहना है कि यदि सिंधिया जी ने सरकार से 50 करोड़ रूपए दिलाए हैं तो बैंक को उसके दो लाख रूपए देने में दिक्कत क्या है। कुल मिलाकर इस गड़बड़ी से केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा सहकारी बैंक को दिलाई गई 50 करोड़ रूपए की राशि का कोई सार्थक उपयोग नहीं हो रहा है। महाप्रबंधक आरके दुबे यह कह कर पल्ला झाड़ रहे हैं कि यह पैसा बैंक की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए मिला है।



**उत्तर मध्य रेलवे**

सं0 - JHS/Comm/e-Auction/25/98 दिनांक - 15.04.2025

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| श्रेणी - पार्सल | केटलोग संख्या : JHS-LEASING -35 |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्सः** 1. ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर-एफ - I.<br>2. ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर- एफ-1 & एफ-II.<br>3. ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>4. ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>5. ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>6. ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर - एफ-I.<br>7. ट्रेन संख्या - 12320 में 01 एसएलआर- एफ - I.<br>8. ट्रेन संख्या-11123 में 01 एसएलआर- एफ-II.<br>9. ट्रेन संख्या-12176 में 01 एसएलआर- आर - I. | **ई–नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय** दिनांक 01.05.2025 को समय- 11.00 से<br>**ई–नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय** दिनांक 01.05.2025 को समय- 13:00 तक |

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है ।

658/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# पेयजल व्यवस्था बनाऐ रखने एवं आमजन से प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

**धौलपुर, ब्यूरो।** मुख्य अभियन्ता शहरी एवं एनआरडब्लू जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्म-2025 के दौरान पेयजल व्यवस्था बनाऐ रखने एवं आमजन से प्राप्त शिकायतों का तुरन्त निवारण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजकिरण यादव ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 05642-220715 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन संधारण के लिए आशाराम मीणा अधिशाषी अभियन्ता खण्ड धौलपुर मोबाईल नम्बर 9413380388 को प्रभारी तथा प्रताप सिंह सहायक अभियन्ता उपखण्ड धौलपुर मोबाईल नम्बर 9782697540 को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभारी अधिकारी द्वारा नियंत्रण कक्ष में प्राप्त परिवेदनाओं की दैनिक रिपोर्ट संकलित की जाएगी तथा सह प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियंत्रण कक्ष की विजिट कर नियंत्रण कक्ष में लगाये गये कार्मिकों की उपस्थिति एवं तत्परता से कार्य करने का मौका मुआयना किया जाएगा एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष में सोमवार से शनिवार प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक कृष्णकांत शर्मा कनिष्ठ अभियन्ता मोबाईल नम्बर 8302665689 एवं राकेश चन्द्र शर्मा पम्प चालक द्वितीय मोबाईल नम्बर 9119302005, सोमवार से शनिवार सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सत्येन्द्र सिंह चौहान कनिष्ठ अभियन्ता मोबाईल नम्बर 9079037676 एवं आवेश कुमार कुलश्रेष्ठ पम्प चालक द्वितीय मोबाईल नम्बर 9352581400 तथा सोमवार से शनिवार रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक दीनदयाल फोरमेन मोबाईल नम्बर 9664274749 एवं राजकुमार शर्मा पम्प चालक द्वितीय मोबाईल नम्बर 9414930126 कर्मचारी नियुक्त किए गए है। उन्होंने बताया कि नियुक्त कर्मचारियों के अवकाश के दौरान ओमनरेश पम्प चालक कार्यरत रहेगे। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत समस्त कर्मचारी अपने नियुक्ति आदेश एवं विभागीय परिचय पत्र अपने साथ रखे जिससे आने-जाने किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# 5 साल से फरार चल रहा एक स्थाई वांरटी गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** फिजीकल थाना पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। फिजीकल टीआई नवीन यादव के अनुसार आज मुखबिर की सूचना पर कमलागंज के पास से 5 साल से फरार स्थाई वारंटी दीपक खन्ना पुत्र श्यामलाल खन्ना उम्र 32 साल निवासी आजाद मार्ग घोषीपुरा कमलागंज शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक निरोध में भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नवीन यादव, प्रआर सत्यवीर सिह, आर. विजय मीणा, नरेन्द्र राठोर, पुष्पेन्द्र रावत की अहम भूमिका रही।

# पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्गल का निधन

**जोरा।** दिनांक 16 अप्रैल 2025 को ग्राम नरहौली श्री माखनलाल अर्गल पटवारी के पूजनीय पिताजी श्री पीतम प्रसाद अर्गल पूर्व जनपद अध्यक्ष पहाडगढ की शोक सभा मौके पर समस्त पार्टियों के नैतागण एवं समाजसेवी मौके पर पहुंच कर श्री प्रीतम सिंह अर्गल जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि में उपस्थित हुए इसमें मुख्य रूप से सांसद अशोक अर्गल मुरैना पी. एस. मंडेलिया डिप्टी कमिश्नर पूर्व विधायक मनीराम धाकड़ विद्याराम कौशल , दीपेंद्र बौद्ध ममता मोर्य विजय सोलंकी अशोक टैगोर विद्याराम प्रजापति सोनेराम सोलंकी टीकाराम गौतम वीरेंद्र नेगी मुरारी लाल अमर रामेश्वर ठेकेदार डॉक्टर केपी अर्गल देव सिंह कुशवाहा सुंदर सिंह कुशवाहा एवं कैलारस स अशोक तिवारी जी माननीय सोनी धाकड़ अमर सिंह धाकड़ जिला सदस्य पूरन धाकड़ नंदलाल खरे ऐसे समस्त बुद्धिजीवी एवं समाज के शुभचिंतक आज उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

